**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 29 नवंबर 2024, समय 1810 (10 मिनट)**

- केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत मार्च 2027 तक देशभर में 25 हजार जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा।
- केंद्र सरकार ने देश में प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए लगभग 3 हजार 300 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी।
- केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने विपक्ष संसद में विचार-विमर्श और बहस से भागने का आरोप लगाया।
- हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण लाल बेदी ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों के साथ खड़ी है।
- विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिढा ने कहा कि सरकार हर स्तर पर और हर दिशा में पूरी सजगता से काम कर रही है।
-

*************************************************************************

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत मार्च 2027 तक देशभर में 25 हजार जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है।रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस वर्ष मार्च के अंत तक कुल 14 हजार 131 जन औषधि केंद्र खोले जा चुके हैं।उन्होंने कहा कि फिलहाल देश में जन औषधि केंद्र खोलने के लिए विभिन्न स्तरों पर 990 आवेदनों की जांच की जा रही हैं। आज 206 दवा निर्माता दवाइयों, सर्जिकल उपकरणों, न्यूट्रास्युटिकल्स और आयुर्वेदिक उत्पादों की आपूर्ति के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया से जुड़े हैं। श्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि गुणवत्ता मानकों का पालन न करने के कारण पिछले पांच वर्षों में कुल छह आपूर्तिकर्ताओं को प्रतिबंधित भी किया गया है।

*************************************************************************

केंद्र सरकार ने देश में प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए लगभग 3 हजार 300 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। 23 राज्यों में

फैली इन परियोजनाओं के लिए राज्यों को विशेष सहायता दी जाएगी जिस पर 50 वर्ष तक कोई ब्याज नहीं देना होगा। परियोजना में, पर्यटन स्थलों पर भीड़-भाड़ नियंत्रित करना, पर्यटन स्थलों को उन्नत तकनीकों से लैस करना तथा आगंतुकों के अनुभव को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करना शामिल हैं।संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

********************************************************************
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पर्यटन क्षेत्र में अनेक लोगों के जीवन में समृद्धि लाने की क्षमता है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के सोशल मीडिया पोस्ट को साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार भारत के पर्यटन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

********************************************************************

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही शोर-शराबे के बीच स्थगित किए जाने को लेकर केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने विपक्ष पर आरोप लगाया है कि वह संसद में विचार-विमर्श और बहस से भाग रहा है। संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में श्री गुर्जर ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि संसद का एक सप्ताह का महत्वपूर्ण समय विपक्ष के रवैये के कारण बेकार गया। उन्होंने कहा कि :

शीतकालीन सत्र के एक सप्ताह बेकार जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस सांसद कार्ती चिदम्बरम ने आशा व्यक्त की है कि सरकार विपक्ष को महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने का अवसर प्रदान करेगी।

********************************************************************

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने आज चंडीगढ़ में दूरदर्शन और आकाशवाणी का दौरा किया। उन्होंने दूरदर्शन और आकाशवाणी में अधिकारियों के साथ बैठक कर दोनों संस्थानों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और दरपेश चुनौतियों के समाधान पर चर्चा की।श्री

सहगल ने आकाशवाणी परिसर में पौधा रोपण कर पर्यावरण को बचाने और स्वच्छता का संदेश भी दिया।इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म 'वेव्स' को परिवारों के लिए स्वच्छ विषय-वस्तु उपलब्ध कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है। उन्होंने आकाशवाणी को अधिक प्रभावी और लचीला संगठन बनाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया।

*****************************************************************************

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है प्रदेश सरकार किसानों के साथ खड़ी है। श्री बेदी आज करनाल में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।प्रस्तावित किसान आंदोलन को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी कई खापों से भी बातचीत हुई है। हरियाणा का कोई भी किसान अब आंदोलन की तरफ नहीं जा रहा।

श्री बेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार ने किसानों के हित में कई कदम उठाए हैं।

कांग्रेस विधायक दल का नेता चुनने को लेकर उन्होंने कहा कि ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। 37 विधायकों में से एक को चुनना है दो  महीने में तो चुनाव नहीं हो पाया है।

*****************************************************************************

विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिढा ने कहा है कि सरकार हर स्तर पर पूरी सजगता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था कायम करने की बात हो अथवा  बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने की हर दिशा में काम किया जा रहा है।श्री मिढ़ा  आज जींद के राजकीय महाविद्यालय  में दो दिवसीय जोनल युवा महोत्सव  के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे। युवा महोत्सव में पद्मश्री से सम्मानित महाबीर गुड्डू विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए।उपाध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूडा द्वारा डेंगू प्रबंधन  पर उठाए गए सवाल के जवाब में कहा कि श्री हूडा के पास अब कोई मुद्दा नहीं है वें केवल राजनीति के लिए ऐसे बयान देते हैं।

**श्री मिढा ने कहा -**

**विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि महाविद्यालय की ओर से जो मागें रखी गई है। उन्हे जल्द ही पूर्ण करवाया जाएगा ।**

**************************************************************************

**कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के आज दूसरे दिन भी सरस और शिल्प मेले में बड़ी गिनती में आगुंतक पहुंचे।देश के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहुंचे विदेशी लोग भी सरस मेला देखने आ रहे हैं और हस्तशिल्प वस्तुओं की खरीददारी कर रहे हैं।**

**अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में जम्मू कश्मीर से वर्षों से स्टॉल लगा रहे एक शिल्पकार ने आकाशवाणी समाचार को बताया -**

**अबकी बार गीता जयंती महोत्सव में जेब कतरों पर नजर रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जेब कतरों पर नजर रखने के लिए बाउंसर बुलाए गए हैं, जो आम वर्दी में जनता के बीच मौजूद रहकर जेबकतरों पर नजर रख रहे हैं।**

**************************************************************************